**कार्यवाही** ▶ सुअर के मांस के साथ कछुआ बरामद, भारी मात्रा में मिले देशी सुअर मार बम, वन्यजीव तस्करी का संदेह

# वन विभाग ने 2 वन्यजीव शिकारियों को दबोचा



**नवभारत,मडियादो 20 दिसंबर।** हटा वन विभाग द्वारा दो शिकारियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है. वन विभाग को शिकारियों के पास से मृत सूअर का भारी मात्रा में मांस, शिकार करने में उपयोग किए जाने वाले औजार, भारी मात्रा में देशी सूअर मार बम मिले है. इसके अलावा जिंदा वन्यजीव प्रजाति का कछुआ मिला है, जिससे माना जा रहा है कि शिकारियों के तार वन्यजीव तस्करी से जुड़े हुए है.

पकड़े गए दोनों शिकारी पिता-पुत्र है, जिनकी पहचान दिलकिशन पारदी और भूपेंद्र पारदी निवासी भीलोनी टपरिया थाना मगरोंन के रूप में हुई है. हटा परिक्षेत्र अधिकारी ऋषि तिवारी द्वारा संबंधितों के खिलाफ वन जीव शिकार अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई.

### बीट गार्ड ने दोनों शिकारियों को पकड़ा

इस दौरान एसडीओ फॉरेस्ट एमडी माणिक पुरी भी हटा पहुंचे और जानकारी ली. जानकारी के अनुसार वन्य जीव गणना के दौरान बीट गार्ड हरीश तंतुवाय को जंगल में दो व्यक्ति मिले, जो संदिग्ध सामग्री लिए थे. बीट गार्ड हरीश तंतुवाय द्वारा परिक्षेत्र अधिकारी हटा ऋषि तिवारी को सूचना देते हुए साहसिक कदम उठाकर दोनों को पकड़ लिया गया.

### देशी बम से करते हैं वन्यजीव का शिकार

टीम के पहुंचने के बाद जब जांच हुई तो पता चला कि दोनों आरोपियों द्वारा हाल में ही सूअर का शिकार किया है और अन्य वन्य जीव भी पकड़ा गया, जिसे लेकर वह घर जा रहे थे. पकड़े गए दोनों आरोपियों द्वारा खुलासा किया गया कि वह देशी बम बिहार से लाते है। उन्होंने बताया कि बिहार में चूड़ी बेचने स्वयं या रिश्तेदार जाते हैं तो वह देशी बम अपने साथ ले आते हैं.

### शिकारियों केसक्रिय होने की आशंका

विभाग द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में विस्फोटक पदार्थ इस अन्य औजार पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ मामला दर्ज करने पुलिस को पत्र लिखा गया है. बता दें कि रजपुरा, बटियागढ़ ओर मडियादो क्षेत्र में देशी बम से वन्यजीव शिकार, गौवंश घायल होने की घटनाएं सामने आ रही थी. जिस तरह से दोनों आरोपियों द्वारा खुलेआम इस घटना को अंजाम दिया गया और पकड़े जाने के बाद खुलासा किया गया उससे स्पष्ट है कि क्षेत्र में अभी और भी वन्यजीव शिकारी सक्रिय होने की आशंका है.

# अटल की प्रतिमा का अनावरण 25 को

▶ बेलाताल में 24 को विकास कार्यों का शिलान्यास, सीईओ ने किया निरीक्षण



**नवभारत,दमोह 20 दिसंबर।** ग्रामीण व नगरीय विकास विभाग के अंतर्गत बेलाताल, दमोह में 24 व 25 दिसंबर को विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाना प्रस्तावित हैं. इन कार्यक्रमों के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा.


देश के प्रधानमंत्री अटल बाजपेई जी की मूर्ति सुंदर है, जो 25 दिसंबर को स्थापित होने के उपरांत अनावरण किया जाएगा. कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि उक्त कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित व सफल आयोजन के लिए समस्त प्रशासनिक तैयारियां, स्थल व्यवस्था, विभागीय समन्वय तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा. इसके लिए जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुल्लपगारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिन्होंने निरीक्षण किया.

### सुचारू रुप से आयोजन सुनिश्चित करें

उन्होंने बताया कि परियोजना अधिकारी शहरीविकास अभिकरण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है. कलेक्टर कोचर ने निर्देश दिए हैं कि नोडल अधिकारी संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध व सुचारु रूप से कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करें, ताकि आयोजन गरिमामय और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके. इसी को लेकर निरीक्षण किया गया।

# अभियान चलाकर करें राजस्व वसूली : चौहान

▶ अधीक्षण अभियंता ने जबेरा विद्युत वितरण केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



**नवभारत,सिग्रामपुर 20 दिसंबर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड दमोह व्रत के अधीक्षण अभियंता अमित चौहान ने मध्यप्रदेश शासन की समाधान योजना को लेकर जबेरा वितरण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया.

दमोह व्रत के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जबेरा वितरण केन्द्र के निरीक्षण के दौरान समाधान योजना अंतर्गत 8992 उपभोक्ताओं पर 2 करोड़ की राशि बकाया है, जिस पर 22 लाख रुपए के अधिभार में छूट मिल रही है. मुख्यालय अनुसार वीसी के माध्यम से समीक्षा की ओर प्रत्येक मुख्यालय को महाअभियान चलाकर राजस्व वसुली कार्य करने के लिए निर्देशित किया. माह के अंत तक समाधान योजना के पात्र 60 प्रतिशत उपभोक्ताओं से राशि जमा करवाने के निर्देश दिए.

### पंप टीसी का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें

मुख्यालय से मिली जानकारी अनुसार पंप बिल, पंप टीसी का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं. मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के नियम अनुसार कृषि सिंचाई के लिए दस घंटे निर्वाध और सुचारु रूप से सप्लाई देने अटल ज्योति 24 घंटे सप्लाई देने जले खराब ट्रांसफार्मर को समय सीमा में बदलने को कहा गया.

## स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन छात्र संवाद आयोजित

**नवभारत,दमोह।** हटा के शासकीय राघवेन्द्र सिंह हजारी कॉलेज में स्टूडेंट फार वन नेशन वन इलेक्शन छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया व इसके समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव बहुत जरूरी हैं और इसके सकारात्मक परिणाम देखने मिलेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ रोहिन राय प्रदेश संयोजक स्टूडेंट फार वन नेशन वन इलेक्शन ने बताया कि आज देश में बार बार चुनाव होने से बार बार अचार संहिता लगती हैं जिससे विकास कार्य रुक जाते हैं।

# मुआरी ने इमलिया की टीम को दी शिकस्त

**विवाह कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज**



**कुम्हारी नवभारत 20 दिसंबर।** विवाह कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को मां सरस्वती का पूजन कर किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हटा विधायक के पुत्र अंकुश खटीक रहे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, असू चौरसिया उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 41 हजार, कप और उपविजेता को 11 हजार रुपये नकद व शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। पहला मैच इमलिया और मुआरी के बीच खेला गया। इमलिया टीम ने 12 ओवर में 79 बनाये। जवाब में मुआरी ने 6 ओवर में जीत के लिए आवश्यक रन बना लिए।

### फाइनल मैच के दौरान गरीब कन्याओं के कराए जाते हैं विवाह

आयोजक रवि चौहान द्वारा विगत वर्षों से विवाह कप दौरान कन्याओं के विवाह कराए जाते हैं। जिनकी स्थिति आर्थिक कमजोरी होती है उन्हें समाज से आर्थिक सहायता लेकर उक्त कार्य करते हैं। फाइनल मैच के दौरान विवाह का आयोजन विधि विधान से किया जाता है। इसे समाज के लिए एक नई प्रेरणा और सराहनीय पहल है।

# राज्यमंत्री ने स्वच्छता साथियों का स्वागत कर प्रदान की किट

▶ शौचालयों की नियमित सफाई हेतु वॉश ऑन व्हील सेवा का लोधी ने किया शुभारंभ



**नवभारत,दमोह.** शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अन्तर्गत खुले में शौच मुक्त की निरंतरता को बनाये रखने के लिए घरेलू व संस्थागत शौचालयों की नियमित सफाई हेतु वॉश ऑन व्हील सेवा का शुभारंभ ग्राम पंचायत नोहटा जनपद पंचायत जबेरा में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग धर्मेन्द्र सिंह लोधी द्वारा स्वच्छता साथियों को फूलमाला पहनाकर स्वच्छता किट प्रदाय कर किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह प्रवीण फुल्लपगारे द्वारा बताया गया कि वॉश ऑन व्हील सेवा का मुख्य उद्देश ग्रामीण परिवारों को उनके घर पर ही शौचालय की सफाई सेवा उपलब्ध कराना हैं।

### सामुदायिक शौचालयों की नियमित साफ-सफाई करें : सीईओ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह प्रवीण फुल्लपगारे ने कहा कि ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक एवं संस्थागत शौचालयों की नियमित साफ-सफाई हो सके इसके लिए डब्लूओडब्लू मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से ग्रामीण निवासी शौचालय की सफाई हेतु बुकिंग आसानी से कर सकते हैं। उक्त सेवाओं के लिये शासन के निर्देशानुसार घरेलू शौचालय के लिए 50 रूपये व संस्थागत व सामुदायिक शौचालयों के लिए 20 रूपये सेवा शुल्क निर्धारित किया गया हैं, जोकि स्वच्छता साथी को प्रदाय की जावेगी।

### ग्राम पंचायतों में 6 सेक्टर बनाये गये : डॉ. पटेल

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबेरा डॉ. रामेश्वर पटेल द्वारा बताया गया कि वॉश ऑन व्हील सेवा अन्तर्गत जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में 6 सेक्टर बनाये गये हैं एवं वर्तमान में आज नोहटा सेक्टर अन्तर्गत 10 ग्राम पंचायतों में उक्त सेवा का शुभारंभ राज्यमंत्री श्री लोधी द्वारा किया गया। शीघ्र ही जनपद के अन्य सेक्टरों में भी यह सेवा प्रारंभ की जावेगी।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मनीष पटेल जिला पंचायत दमोह, ब्लाक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण धर्मेन्द्र रजक जनपद पंचायत जबेरा, लाल सिंह यादव एवं संदीप यादव, मुन्नालाल राय, राजेश दुबे, ताहिर खान, मनोज अग्रवाल, बबलू राजपूत, गनेश सोनी, गनेश विश्वकर्मा एवं स्वच्छता साथी हीरालाल वाल्मिक, विजय वाल्मिक, श्रीकांत वाल्मिक एवं बडी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# हरियाणा को हरा झांसी की टीम बनी चैम्पियन

▶ गिरीश सोनकिया स्मृति लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट



**नवभारत,दमोह 20 दिसंबर।** प्रदेश के खेल मंत्री द्वारा पथरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए दो इनडोर स्टेडियम बनाने की स्वीकृति दी गई है, जो बटियागढ़ एवं पथरिया में निर्मित होंगे। यह बात प्रदेश के पशुपालन, डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने बटियागढ़ में एमएच क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही।

एमएच क्लब के तत्वावधान में आयोजित गिरीश सोनकिया स्मृति अंतर्राज्यीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हरियाणा और झांसी के बीच खेला गया। फाइनल मैच में झांसी ने टॉस जीतकर हरियाणा को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। हरियाणा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 215 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झांसी की टीम ने मात्र 15.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

### राज्यमंत्री ने विजेता व उपविजेता टीमों को किया पुरस्कृत

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री लखन पटेल ने विजेता झांसी टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि का चेक प्रदान किया। उपविजेता हरियाणा टीम को 20 हजार रुपये की राशि का चेक एवं ट्रॉफी दी। इस दौरान उन्होंने एमएच क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। टूर्नामेंट में मैन ऑफद मैच का पुरस्कार यस जुल्कर को तथा मैन ऑफद सीरीज का पुरस्कार राहुल कुशवाहा को प्रदान किया गया।

**ठंड बढ़ी** ▶ बच्चे कांपते हुए पहुंचे स्कूल, दृश्यता इतनी कम हो गई कि वाहन दिख नहीं रहे थे, वाहनों की धीमी गति से मुख्य मार्गों पर लगा लंबा जाम

# कोतमा नगर ने ओढ़ी कोहरे की चादर, जनजीवन प्रभावित





**कोतमा नवभारत 20 दिसंबर।** पूरा कोतमा नगर शनिवार सुबह घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी (दृश्यता) इतनी कम हो गई कि सुबह के समय सड़कों पर स्कूल बसें और अन्य वाहन भी ठीक से दिखाई नहीं दे रहे थे, जिससे यातायात और बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चुनौतियां खड़ी हो गईं। शनिवार को सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच कोहरे का असर सबसे अधिक रहा। सड़कों पर दृश्यता लगभग शून्य हो जाने के कारण, वाहन चालकों को हेडलाइट्स ऑन करके चलना पड़ा। सड़कों पर वाहनों की गति अत्यंत धीमी हो गई, जिसके कारण मुख्य मार्गों पर लंबा जाम लग गया।

### स्कूलों में उपस्थिति सामान्य से कम रही

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह इस मौसम का सबसे घना कोहरा है। स्कूल जाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों ने चिंता व्यक्त की, क्योंकि घनी धुंध में स्कूल बसें, वैन और ऑटो भी मुश्किल से नजर आ रहे थे, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई थी। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के कारण बच्चों को स्कूल छोड़ने में अभिभावकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति सामान्य से काफी कम रही। कुछ निजी स्कूलों ने सुरक्षा कारणों से आज की कक्षाओं का समय बदलने पर भी विचार किया।

### न्यूनतम तापमान में गिरावट

कोहरे के साथ-साथ न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। लोग घरों में दुबके रहे और जगह-जगह अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास किया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों तक ऐसी ही स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान जताया है। प्रशासन ने वाहन चालकों से कहा कि फॉग लाइट्स का उपयोग करें व वाहन की गति धीमी रखें। स्कूल प्रबंधन से कहा गया कि छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए बसों को अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दें।

### कड़ाके की ठंड, अलाव की मांग

पिछले कुछ दिनों से जारी कड़ाके की ठंड और न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज होने के कारण विशेष रूप से गरीब, बेघर और खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वाले लोगों का जीवन संकट में आ गया है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम, स्थानीय प्रशासन से सार्वजनिक स्थलों पर तत्काल अलाव की व्यवस्था करने की मांग

### बेसहारा लोगों की बढ़ी परेशानी

ठंड का सबसे बुरा असर रिक्शा चालक, दिहाड़ी मजदूर, और बेघर लोगों पर पड़ रहा है, जिनके पास ठंड से बचने के पर्याप्त साधन नहीं हैं। शहर के बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, और प्रमुख चौराहों पर रात बिताने वाले लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। व्यापारी नवल सराफ ने कहा कि प्रशासन को मानवता के नाते तुरंत प्रमुख चौराहों, अस्पतालों के बाहर और रैन-बसेरों के पास लकड़ियों की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण प्रभावित न हो।



# अमरकंटक में कड़ाके की ठंड ओस की बूंदों से जमी बर्फ

**नर्मदा तट और मैदानी क्षेत्रों की सफेद परत ने प्राकृतिक सुंदरता को और बढ़ा दिया**

**अनूपपुर नवभारत 20 दिसंबर।** जिले में स्थित पवित्र नगरी अमरकंटक में ठंड का प्रकोप लगातार बना हुआ हैं। शनिवार की सुबह नर्मदा के दोनों तटों पर ओस की बूंदें जमने से सफेद चादर बिछी नजर आई है।

अमरकंटक में ठंड का तेज प्रभाव जारी है। सुबह होते ही पवित्र नगरी की धरती पर ओस की सफेद चादर बिछी हुई नजर आई। सुबह खुले मैदानों, नर्मदा तट और घास के क्षेत्रों में चारों ओर सफेदी छाई रही। इससे पूरा क्षेत्र बर्फ की चादर से ढका हुआ नजर आ रहा। इस दृश्य ने स्थानीय निवासियों और संत-महात्माओं का ध्यान खींचा।

### 5 डिग्री सेल्सियस पहुंचा न्यूनतम तापमान

संतों ने बताया कि दिसंबर के अंत और जनवरी की शुरुआत में अमरकंटक में कड़ाके की ठंड पड़ती है, और तापमान शून्य से एक या दो डिग्री नीचे तक चला जाता है। आज न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा। नर्मदा तट और मैदानी क्षेत्रों में जमी ओस की सफेद परत ने अमरकंटक की प्राकृतिक सुंदरता को और बढ़ा दिया है।